उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 19 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 04 दिसम्बर, 2018 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ ''वन्दे मातरम्'' (देखिये नत्थी ''**क**'')।
2. प्रश्न (देखिए नत्थी ''**ख**'')
3. निधन के निदेश।
4. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2018–19 की प्रथम अनुपूरक अनुदान मागें प्रस्तुत करेंगे।(अपराह्न 12:20)
5. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (अध्यादेश संख्या 03, वर्ष 2018) को सदन के पटल पर रखेंगे।
6. मुख्यमंत्री, ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 323(2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के सप्तदश वार्षिक प्रतिवेदन (01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।
7. मुख्यमंत्री, ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 18 (2) के अधीन उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन ( 2016–2017) (ए0टी0आर0सहित) को सदन के पटल पर रखेंगे।
8. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :–

   (1) न्यायालय शुल्क ( उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का उन्तीसवां अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का तीसवां अधिनियम बन गया।

   (3) उत्तराखण्ड माल एवं सेवाकर (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का इक्कतीसवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का बत्तीसवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का तैतीसवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड सेवा निवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का चौतीसवां अधिनियम बन गया।

9. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

10. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम रसूलपुर में भूमिया खेड़ा का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री समीम पुत्र श्री नफीस ग्राम रसूलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम करोंदी में मेन रोड से माता के स्थान तक सी0सी0 सड़क निर्माण करने के सम्बन्ध में'' श्री महिपाल, पुत्र श्री फूलसिंह, ग्राम–करोंदी, पो0–भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम दौडबसी में रविदास मन्दिर तक सी0सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री करण, पुत्र श्री शेरसिंह, ग्राम–दौडबसी, पो0–सिरचंदी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत पथरी पावर हाउस बहादराबाद से आगे नहर के किनारे की क्षतिग्रस्त सड़क का पुनः निर्माण कार्य किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री रणधीर सिंह, पुत्र श्री सुरवीर ग्राम साईधाम कालोनी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम जमालपुर खुर्द में मेंन सड़क से श्मशान घाट तक सड़क का नव निर्माण एवं नाले पर स्थित मुख्य पुलिया का चौड़ीकरण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री लाल सिंह, पुत्र श्री मोल्हड सिंह ग्राम जमालपुर खुर्द, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम अलावलपुर में स्वजल विभाग से निर्मित पानी की टंकी संचालित न होने के सम्बन्ध में'' श्री सुशील, पुत्र श्री काबूल ग्राम अलावलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नवसृजित तहसील बालगंगा में अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती के सम्बन्ध

में" श्री राजेश सिंह पुत्र श्री चतर सिंह ग्राम श्रीकोट गांव जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत ग्राम अठाली विकास खण्ड भटवाड़ी में क्यूला गाड में आपदा में क्षतिग्रस्त पैदल पुलिया के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' जयेन्द्र सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री जमन सिंह पंवार, ग्राम–अठाली, पो0 रतूडीसेरा, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत देवीधार–रनाडी–अठाली–चामकोट–दिलसौड–मनेरा–जोशियाडा–उत्तरकाशी मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती भागदेई पंवार पत्नी श्री जयेन्द्र सिंह पंवार, ग्राम अठाली पो0 रतूडीसेरा जिला उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सुवाखोली–भवान–नगुण मोटर मार्ग पर भवान से गंवाणा तक मोटर सेतुओं सहित मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री शीशपाल सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासी गवाणा, पो0 भवान जिला टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत धारी ब्लाक के धारी से कौल धानाचुली मोटर मार्ग के सम्बन्ध में" श्री लाल सिंह पुत्र श्री पान सिंह ग्राम कौल पो0 धारी जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लाक मोटर मार्ग जो स्यूड़ा से कौन्ता–हरीशताल को टैण्डर के बाद भी कार्य प्रारम्भ न होने के सम्बन्ध में" श्री केशव दत्त रूवाली पुत्र श्री ईश्वर दत्त रूवाली ग्राम व पो0हरीशताल जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा ब्लाक के पतलोट डिग्री कालेज भवन बनाने के सम्बन्ध में" श्री रघुवर सिंह मटियाली पुत्र श्री वीर सिंह ग्राम ल्वाड़ पो0 हरीशताल जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

24. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

25. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

26. दिनांक 08 जून, 2017 प्रथम गुरूवार को श्री प्रीतम सिंह पंवार, माननीय सदस्य, विधान सभा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–17 के उत्तर में संशोधन हेतु शिक्षा मंत्री का शोधन वक्तव्य।

(शोधन वक्तव्य के लिए देखिए नत्थी ''**ग**'')

27. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

28. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

29. आयुष शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

30. आयुष शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

31. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

32. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

33. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक :03 दिसम्बर, 2018**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्मातरम्। वन्दे मातरम्।।

उत्तराखण्ड विधान सभा

तृतीय सत्र, 2018 का
प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार,**

**मार्गशीर्ष 19, शक संवत्, 1940**

**( दिनांक : 04 दिसम्बर 2018 )**

**नत्थी 'ख'**

**तारांकित प्रश्न**

**श्री राजकुमार**
**02.11.2018**

*1. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा सराय अधिनियम (निरसन)विधेयक,2017 05 जनवरी, 2018 को सर्वसाधारण की सूचनार्थ अधिसूचित किया गया? पर्यटन मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विधेयक के निरसन के फलस्वरूव वर्तमान समय में प्रदेश में नवनिर्मित गैस्ट हाउस/होटलों का पंजीकरण उक्त अधिनियम के तहत किया जा रहा है?यदि हॉ तो क्या वर्तमान समय में किये जा रहें पंजीकरण वैध है? यदि नही तो अवैध तरीके से पंजीकरण करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्व सरकार कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हॉ तो क्या तथा कब तक यदि नही तो क्यों?

**पर्यटन**

**श्री देशराज कर्णवाल**
**05.11.2018**

*2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों हेतु कितने छात्रावास निर्मित है तथा नये छात्रावासों के निर्माण की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

**श्रीमती ममता राकेश**
**05.11.2018**

*3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में अनुसूचित जाति व गरीब विधवा महिलाओं की बेटियों की शादी हेतु धनराशि देने का प्राविधान किया है?यदि हॉ तो विगत दो वर्षो में उक्त योजना हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा कितनी महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई?क्या सरकार उक्त योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करेगी?यदि नही तो क्यों?

**समाज कल्याण**

**श्री देशराज कर्णवाल**
**06.11.2018**

*4. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**

क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों हेतु कितने छात्रावास निर्मित है तथा नये छात्रावासों के निर्माण की

**समाज कल्याण**

सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.11.18 | *5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना के कारण जलाशय के चारों ओर स्थित गांवों/कस्बों में निवासरत लोगों तथा उनके पालतू पशुओं व जंगली जानवरों का जलाशय में गिरने का भारी खतरा बना हुआ है? क्या यह सत्य है कि अब तक ऐसी अनेक घटनायें घटित हो चुकी हैं? क्या सरकार टिहरी बांध जलाशय के चारों ओर मजबूत तारबाड़ का कार्य करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.11.2018 | *6. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत देवगुरू उत्तर भारत का प्रसिद्ध बृहस्पति महाराज का मंदिर है? क्या उक्त धाम हेतु पर्यटन विभाग कोई कार्य कर रहा है? उक्त धाम में जाने हेतु मीलो दूर तक पैदल जाना पड़ता है? क्या सरकार उक्त धाम के लिये मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रयास कर रही है क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हरीशताल व लोहाखामताल के रख रखाव के लिये पर्यटन विभाग द्वारा कोई योजना प्रस्तावित है? | पर्यटन |
| श्री चन्दनराम दास<br>14.11.2018 | *7. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आवर्तक अनुदान पर संचालित अनु0जाति के विद्यालयों को विभागीय विद्यालयों की भॉति 5वें, 6वें व 7 वें वेतन आयोग का लाभ दिया जायेगा? यदि हां, तो सरकार इन्हें 5वें, 6वें व 7 वें वेतन आयोग का लाभ शीघ्र देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.11.2018 | *8. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि प्रदेश के लघु ढाल खण्ड में लगभग 1000 लोग 1998 से पम्प आपरेटर, हैल्पर व अन्य कार्यों में कार्य कर रहे हैं? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि इन कर्मचारियों को पिछले 2 साल से वेतन नहीं मिला है और ना ही इन्हें प्रदेश की न्यूनतम मजदूरी दर दी जा रही है और ना ही कानूनी तौर पर आवश्यक ई0पी0एफ0ई0, ई0एस0आई0 व अन्य श्रम कानूनों के तहत लाभ दिया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक इन्हें वेतन और सभी आवश्यक श्रम कानूनों के तहत सुविधाऐं दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.11.2018 | *9. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहित की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध विस्थापितों की अधिग्रहित जमीन ग्रामीण व शहरी पुनर्वास के लिए कट आफ डेट कब थी ? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीन टी0एच0डी0सी0 के नाम दाखिला खारिज किया गया है ? यदि हां, तो टी0एच0डी0सी0 के नाम टिहरी बांध परियोजना के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रामीणों की अधिग्रहित भूमि | सिंचाई |

का दाखिला खारिज कब से प्रारम्भ हुआ तथा उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देशराज कर्णवाल
15.11.2018

*10 क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा वाहन दुर्घटना रोकने एवं यातायात के सुचारू संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किये है? क्या सरकार ने इन दिशा निर्देशों को लागू किये जाने हेतु कोई कार्य योजना तैयार की है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री खजान दास
15.11.2018

*11 क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति, गौरा देवी कन्या धन योजना का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है तथा छात्र–छात्रायें लगातार लम्बित छात्रवृत्ति के भुगतान की मॉग करते चले आ रहे है? क्या सरकार पिछले कई वर्षो से लम्बित छात्रवृत्ति का भुगतान सम्बन्धित को करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

श्री खजान दास
15.11.2018

*12. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि प्रदेश में पिछले कई वर्षो से वृद्वावस्था, विधवा, किसान पेंशन का भुगतान समय से लाभार्थियों को नही हो पा रहा है तथा काफी समय से लाभार्थियों द्वारा पेंशन के भुगतान की मॉग की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार लाभार्थियों को समय पर पेंशन भुगतान किये जाने हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही ंतो क्यों?

समाज कल्याण

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश
07.06.2018

01. आगामी सत्र हेतु स्थगित

क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के लोगों के लिए विभिन्न कल्याण योजनायें संचालित की जाती है? यदि हां, तो उक्त योजनाओं के विगत तीन वर्षों में आवंटित धनराशि का विवरण क्या है? क्या यह धनराशि समय पर अवमुक्त की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.06.2018 | 02. **आगामी सत्र हेतु स्थगित**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के मानक क्या है? वर्ष 2015–16 में हरिद्वार जिले में निर्माण कार्यों हेतु विधानसभावार कितना धन आवंटन किया गया? विधान सभा झबरेड़ा में कितना धन आवंटन किया जा रहा है? यदि विधान सभा भगवानपुर हेतु पिछली पंचवर्षीय योजना में कम धन आवंटित किया गया है वो इसके क्या कारण है? क्या विधान सभा झबरेड़ा में एस0सी0पी0 के अधीन धन आवंटित किए जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.11.2018 | 1. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017–18 में (एम0एस0डी0पी0) अल्प संख्यक कल्याण योजना के अन्तर्गत क्या–क्या कार्य हुए? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.11.2018 | 2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद पौड़ी गढवाल के पट्टी मल्ला बदलपुर क्षेत्र हेतु देहरादून–कोटद्धार–सतपुली–दुधारखाल मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की नियमित बस सेवा संचालित करने की कोई योजना है? क्या पूर्व में भी उक्त मार्ग पर निगम की बस सेवा संचालित की जाती थी? अगर संचालित की जाती थी तो किन कारणों से बस सेवा बन्द कर दी गई? क्या पूर्व में संचालित निगम की बस सेवा पुनः संचालित की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री राजकुमार<br>02.11.2018 | 3. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग राज्य का सबसे पुराना संवैधानिक आयोग है, जो राज्य गठन से ही संचालित हो रहा है? क्या सरकार अनुसूचित जाति आयोग का भवन बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री राजकुमार<br>05.11.2018 | 4. **आगामी सत्र हेतु स्थगित**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में एस0सी0एस0पी0 में कुल कितनी धनराशि प्रावधानित हुई है, तथा आतिथि तक कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की जा चुकी है? जनपद उत्तरकाशी एवं विधान सभा क्षेत्र पुरोला में चालू वित्तीय वर्ष में कुल कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गयी है? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.11.2018 | 5. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में ऑनलाईन बुकिंग कराने पर यात्रियों से बीच के स्टेशनों की बुकिंग नहीं की जाती है? क्या यह सत्य है कि ऑन लाईन बुकिंग कराने वाले यात्रियों को स्टेशन से स्टेशन तक का टिकट प्राप्त करना पड़ता है, जबकि कई यात्री गन्तव्य से पूर्व तक ही यात्रा करते हैं? क्या सरकार यात्रियों की सुविधा हेतु ऑन लाईन बुकिंग वाले मामलों मे बीच के अधिकारिक स्टेशनों के टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान करायेगी? यदि हॉ तो कब तक?यदि नहीं, तो, क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.11.2018 | 6. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में वर्ष 2016–17व 2017–18 में जलागम प्रबन्धन की कुल कितनी योजनायें स्वीकृत की गई? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड जौनपुर तथा थौलधार मे कितने–कितने लागत के कौन–कौन से कार्य करवाये गये तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में कौन–कौन से कार्य स्वीकृत व गतिमान है? उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | जलागम प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.11.2018 | 7. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वृद्वावस्था/विधवा तथा दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन धारकों को देय पेंशन राशि बढ़ाये जाने पर सरकार द्वारा कोई योजना विचाराधीन है? यदि हॉ, तो प्रदेश के वृद्वावस्था, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन धारकों को कब तक बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.11.2018 | 8. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चौथी विधानसभा की सरकार गठन के तुरन्त बाद आपके द्वारा विधानसभा वार पर्यटन, तीर्थाटन विकास हेतु निर्धारित प्रपत्र पर प्रस्तावक मांगे गये थे?क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उन प्रस्तावों/कार्ययोजना पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? क्या सरकार उक्त कार्य योजना पर कार्य करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री कुँवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''<br>06.11.2018 | 9. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि खानपुर विधान सभा के बाढग्रस्त खादर क्षेत्र में बाढ़ निषेध हेतु विगत चार वर्ष पूर्व सोलानी नदी के बाएँ छोर पर तटबन्ध याहियापुर–हस्तमौली से मौहम्मदपुर खादर तक निर्मित किया गया? क्या उक्त योजना को पूर्ण नहीं कर, पुराने तटबन्ध तक 1500 दूरी के हिस्से तक तटबन्ध का निर्माण नहीं किया गया? यदि हां, तो क्या सरकार को अनुमान है कि बरसात के समय में सोलानी नदी का जलस्तर बढ़ने पर कितनी कृषि फसलों व जान माल का नुकसान क्षेत्र के एक दर्जन गांव में होगा? क्या सरकार लोकहित में अविलम्ब सोलानी नदी तटबन्ध के इस डेढ़ कि0मी0 के हिस्से का निर्माण सुनिश्चित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.11.2018 | 10. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध की झील में हर साल बरसात के बाद भिलंगना व भागीरथी घाटी में रेत बजरी इकट्ठा हो जाती है? यदि हॉ तो, क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि हर साल जमा होने वाली उक्त गाद को निकालने के लिए राज्य सरकार कोई कार्यवाही करती है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त गाद से हर साल टिहरी बांध जलाशय की क्षमता पर पड़ रहे प्रभाव का भूगर्भीय अध्ययन किया जाता हैं यदि हॉ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.11.2018 | 11. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि वृद्धावस्था, विकलांग, निराश्रित पेंशन अब बैकों के माध्यम से दी जा रही है? क्या यह भी सत्य है कि अधिकांश गांवों से बैंक दूर होने से पेंशन धारकों को पेंशन लेने में परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उन पेंशन धारकों को पोस्ट आफिस से पेंशन वितरित करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.11.2018 | 12. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विभाग द्वारा प्राकृतिक गधेरों पर कृत्रिम झीलों का निर्माण किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि अभी तक सरकार ने किन–किन मदों में कृत्रिम झीलों का निर्माण का प्रस्ताव किया है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि की सिंचाई एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के रिचार्ज के लिए उपयोगी झीलों के निर्माण का प्रस्ताव करेगी? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र टिहरी में हेवल नदी चंबा व चंद्रभागा नदी जाखणीधार में कृत्रिम झील बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री कुँवर प्रणव सिंह<br>''चैम्पियन''<br>06.11.2018 | 13. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सन् 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रस्ताव के उपरान्त केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि गंगा नदी के दाएं छोर पर बालावाली रेलवे पुल से अग्रिम तटबन्ध निर्माण हेतु जारी की गई थी? उक्त तटबन्ध कितनी लम्बाई का स्वीकृत हुआ था, एवं बालावाली पुल से कहां तक यह निर्मित किया गया? क्या सरकार अवगत है कि घटिया निर्माण सामग्री जिसमें केवल रेत लगाया गया और मिट्टी का उपयोग नहीं किया गया के कारण निर्माण के मात्र 02 वर्ष बाद ही वह तटबन्ध धवस्त होने लगा जिससे क्षेत्र के 15 ग्रामों को जान माल का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है? क्या सरकार इस तटबन्ध के घोटाले की जांच करायेगी? क्या लोकहित में अविलम्ब सरकार क्षतिग्रस्त तटबन्ध का पुनःनिर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेश राठौर<br>06.11.2018 | 14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि सलेमपुर गंगनहर के किनारे बाल कुंज से लगी हुई सैकड़ों बीघा सिंचाई विभाग की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है? क्या अवैध कब्जों को सलेमपुर से हटाने की सरकार की कोई नीति है? यदि हां, तो सरकार द्वारा कितने कब्जे हटाये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.11.2018 | 15. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा गंगा मॉ को पवित्र रखने के लिए महापुरूषों, देवी–देवताओं व भक्तों के नाम से जो घाट बनाये जा रहे है, उनमें से गंगा के परमभक्त सन्त शिरोमणि सतगुरू रविदासजी के नाम से घाट बनाए जाने एवं हर की पौडी स्थित सन्तशिरोमणि सतगुरू रविदासजी के मंदिर के सौन्दर्यकरण की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हॉ तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.11.2018 | 16. **प्रथम सोमवार के अतारांकित 71 में स्थानान्तरित।**<br>क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बढती आबादी के कारण तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु सरकार ग्रामीण क्षेत्र में तालाबों के किनारों पर बसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार कोई अध्यादेश ला रही है? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण तालाब |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>14.11.2018 | 17. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विकास खण्ड के भीमताल नगर में रोडवेज स्टेशन खोला जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पतलोट–अमजड़–भीड़ापानी–ढोवीगांव डालकनिया तक रोडवेज की बसें कब तक चलेगी? | परिवहन |
| श्री चन्दनराम दास<br>14.11.2018 | 18. **प्रथम सोमवार के अतारांकित 93 में स्थानान्तरित।**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि बागेश्वर में संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय 25 वर्षों से कक्षा 1 से कक्षा 5 तक ही संचालित हो रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को जू0हा0 में उच्चीकृत करने हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.11.2018 | 19. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि 17.06.2018 को चमकना–मैठानी–तराड़ मोटर मार्ग में श्री प्रेम राम निवासी ग्राम तराड़ पो0 मैठानी, सल्ट की मैक्स गाड़ी के पलट जाने से दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जिसका पोस्टमार्टम सी0एच0सी0 देवालय में किया गया था? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि स्व0 प्रेम राम के परिवार को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर किसी प्रकार की सहायता या मुआवजा नहीं दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र मृतक परिवार को मुआवजा देगी? | परिवहन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.11.2018 | 20. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर तालेश्वर मन्दिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटन केन्द्र बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी ? यदि हां तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि उक्त मन्दिर हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इस मन्दिर का सौन्दर्यीकरण व पर्यटन केन्द्र शीघ्र बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.11.2018 | 21. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए (टी0एच0डी0सी0) टिहरी हाईड्रो डेवलेपमेंट कार्पोरेशन का गठन किया गया है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विस्थापितों के लिए सरकार द्वारा समय समय पर लिए गये नीतिगत निर्णयों में टी0एच0डी0सी0 का विधिक रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है ? क्या यह भी सत्य है कि पुनर्वास विभाग की बैठकों में विस्थापन के संबंध में सरकार द्वारा लिए गये नीतिगत निर्णयों पर टी0एच0डी0सी0 को आपत्ति करने का अधिकार है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.11.2018 | 22. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण मद में नदियों से क्षति ग्रस्त सिंचाई नहरों व खेती के बचाव का कार्य किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि अभी तक उक्त मद से कितनी धनराशि प्रदेश स्तर पर आवंटित की गई है? क्या यह सत्य है कि नदियों से क्षतिग्रस्त तटबंधों का प्राकलन गठित करवाया जाता है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत हेवल नदी चंबा व चंद्रभागा नदी जाखणीधार के क्षतिग्रस्त सिंचाई गूलों व जमीन को | बाढ़ नियंत्रण |

बचाने का क्या सरकार प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो कब तक?

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.11.2018 | 23. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए विस्थापितों के लिए पुनर्वास नीति अधिसूचित की गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि बांध से विस्थापित परिवारों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की अंतिम तिथि क्या थी? क्या यह भी सत्य है कि अन्तिम तिथि के बाद विस्थापित द्वारा क्रय की गई जमीन को उसके खाते में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है, तथा यदि कास्तकार की जमीन को ''कट ऑफ डेट'' के बाद सरकारी प्रयोजन हेतु लिया गया तो क्या सरकार पात्र विस्थापितों के लिए बनाई गई नीति में सम्मिलित कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>15.11.2018 | 24. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा के भीमताल ब्लाक के ग्राम सभा अलचौना से सिंचाई विभाग की जो नहर है वह जीर्ण–शीर्ण है एवं ग्रामीणों के द्वारा कई बार विभागीय अधिकारी से कहने के बाद भी उक्त नहर की मरम्मत नहीं की जा रही है? जबकि पूरे गांव की सिंचाई उसी नहर पर निर्भर है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त नहर की मरम्मत कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>15.11.2018 | 25. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि भीमताल झील जो मलवे से भर गयी एंव नालों का गन्दा पानी लगातार उक्त झील को दूषित करते जा रहा है, उक्त झीलों एवं गधेरों से जो मलवा आ रहा है उसकी सफाई के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है तथा उक्त झीलों की सफाई कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.11.2018 | 26. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए बांध की ऊँचाई निर्धारित है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि टिहरी बांध की ऊँचाई कितने मीटर निर्धारित है? क्या यह सत्य है कि टिहरी बांध के लिए जमीन का अधिग्रहण 835 मीटर तक ही किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि यदि झील भराव के कारण 835 मीटर के ऊपर रह रहे व्यक्ति/परिवार का नुकसान होता है तो उसका पुनर्वास किस नीति से किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.11.2018 | 27. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध विस्थापितों के लिए पात्रता के निर्धारण हेतु कोई श्रेणी बनाई गयी है? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि कास्तकार की जमीन का कितना प्रतिशत जाने पर तथा गांव की कुल भूमि का कितना प्रतिशत जाने पर विस्थापित माना जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि कास्तकार की बची हुई भूमि (835 मीटर से ऊपर) व अधिग्रहीत की गई भूमि (835 मीटर से नीचे) को मिला कर पात्र विस्थापित माना जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि इस नीति का अनुपालन कर विस्थापन का कार्य किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.11.2018 | 28. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर कई योजनाएं निर्माणाधीन है, उनका विवरण क्या है?क्या यह भी सत्य है कि कई योजनायें धन अभाव के कारण पूर्ण नही हो पा रही है? यदि हॉ तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उनकी विधानसभा के अन्तर्गत होटल मैनेजमैन्ट संस्थान नई टिहरी बौराड़ी स्टेडियम व चम्बा में पार्किंग निर्माण के लिए कितनी धनराशि दी जानी शेष है तथा इन योजनाओं को सरकार कब तक पूर्ण करेगी?यदि नही तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.11.2018 | 29. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत चुडियाला मोहनपुर चौराहे पर स्थित शहीद ललित जी की प्रतिमा की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण के संबंध में प्रस्तुतकर्ता के पत्र दिनांक 05 मार्च 2018 के सन्दर्भ में तिथिवार की गई कार्यवाही का विवरण क्या हैं? यह विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगें? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त प्रतिमा की मरम्मत एंव सौंन्दर्यकरण कब तक किया जायेगा? | संस्कृति |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.11.2018 | 30. द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर में बस अड्डे का निर्माण शासन की प्राथमिकताओं के किस स्तर पर हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त क्षेत्र में बस अड्डे के निर्माण के प्रति उदासीनता के क्या कारण हैं? | परिवहन |

उत्तराखण्ड विधान सभा

## नत्थी ''ग''

**श्री प्रीतम सिंह पंवार, मा0 सदस्य विधान सभा द्वारा उत्तराखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-162 के अन्तर्गत अभिसूचित सूचना दिनांक 06 अक्टूबर, 2017 के संबंध में ''शोधन वक्तव्य''**

**चतुर्थ विधान सभा वर्ष 2017 के द्वितीय सत्र के प्रथम गुरूवार दिनांक 08 जून, 2017 को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या-17**

| मूल प्रश्न | मूल उत्तर | संशोधित उत्तर |
|---|---|---|
| 17. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के अन्तर्गत ग्राम सिल्ला पट्टी सकलाना के छात्र-छात्राओं को अध्ययन हेतु 03 कि0मी0 दूरस्थ रा0प्रा0वि0 धनचुला जाना पड़ता है? | जी नहीं, ग्राम सिल्ला पट्टी सकलाना के छात्र-छात्राएं अध्ययन हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनचुला जाते है जो ग्राम सिल्ला से लगभग 01 कि0मी0 की दूरी पर है। | उक्त ग्रामों के बीच की दूरी (पारस्परिक रास्तों के आधार पर) लगभग 02 कि0मी0 है एवं संलग्न गूगल मैप के आधार पर 1.61 कि0मी0 है इसी आधार पर पूर्व में अनुमानित दूरी 01 कि0मी0 दर्शायी गयी है। |
| यदि हां, तो क्या सरकार छात्र हित में ग्राम सिल्ला के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था ग्राम सिल्ला में ही करायेगी? | प्रश्न नहीं उठ्ता। | सड़क मार्ग से जुड़ने के कारण धनचूला के ज्यादातर परिवार सिल्ला में विस्थापित हो गये हैं, यदि सिल्ला में प्राथमिक विद्यालय खोला जाता है तो धनचूला के विद्यालय में छात्र संख्या 05 तक सीमित हो जायेगी। |
| यदि नहीं, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठ्ता। | इस संबंध में विभागीय सर्वे कराया जायेगा, यदि दोनों बस्तियों में मानक पूर्ण होंगे तो विद्यालय प्रस्तावित किया जायेगा। |
| यदि नहीं तो क्यों? | राज्य सरकार के मानकानुसार 01 कि0मी0 की परिधि में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक विद्यालय की सुविधा होनी चाहिए, जो कि उपलब्ध है। | प्रश्न नहीं उठ्ता। |

उपर्युक्त संशोधित उत्तर में उक्त ग्रामों के बीच की दूरी संलग्न गूगल मैप के आधार पर 1.61 किमी है इसी आधार पर पूर्व में अनुमानित दूरी 01 किमी0 दर्शायी गई थी। इसी त्रुटि के संबंध में किसी कदाशय निहित नहीं पाया गया है। अतएव इसके लिये किसी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता नहीं पायी गयी है। उक्त त्रुटि के कारण माननीय सदस्य को हुई असुविधा के लिये खेद है।

अरविन्द पाण्डेय
मंत्री

# नत्थी-''घ''

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 03.12.2018 की बैठक में दिनांक 04.12.2018 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**दिसम्बर, 2018**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | मंगलवार | (1) | वित्तीय वर्ष 2018-2019 की प्रथम अनुपूरक मांगों का प्रस्तुतीकरण।<br>**(अपराह्न 12:20 बजे)** |
| | | (2) | अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना। |
| | | (3) | औपचारिक कार्य। |